ट्रेड शो में 54000 बिजनेस बैठकों का पंजीकरण

अमर उजाला ब्यूरो

मुख्य सचिव ने इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं मोटो जीपी रेस की तैयारियों की समीक्षा की

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं मोटो जीपी रेस की तैयारियों की समीक्षा की। ट्रेड शो का आयोजन 21 से 25 सितंबर तक और मोटो जीपी रेस का आयोजन 22 से 24 सितंबर तक किया जाएगा। बैठक में इंटरनेशनल ट्रेड शो के बारे में बताया गया कि सभी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। लगभग 2000 कारोबारी ट्रेड शो में हिस्सा ले रहे हैं। अब तक लगभग 54000 बी-टू-बी (बिजनेस टू बिजनेस) रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

मुख्य सचिव ने आयोजन से पूर्व तैयारियों की मॉकड्रिल करने और शहर में सौन्दर्यीकरण व सड़कों की मरम्मत का काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान कर्मियों का व्यवहार विनम्र होना चाहिये। कार्यक्रम स्थल पर वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा के सभी प्रबंध होने चाहिये।

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह ने सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, विशेष पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार उपस्थित थे।